स्टेट बैंक आफ इन्दौर में फिजूलखर्ची

3719. **श्री राम नरेश यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर के कार्यकारी अधिकारियों ने भोपाल आंचलिक कार्यालय में "रूर हाउस" के रखरखाव और सजावट पर भारी धनराशि खर्च की है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस आंचलिक कार्यालय पर कितनी धनराशि खर्च की गई है और क्या इस मामले की जांच करवाई गई है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस भवन की कई मंजिलें उपयोग में नहीं लायी जा रही है और लाखों रुपए किराए के रूप में दिए जा रहे हैं ; और

(घ) यदि हां, तो फिजुलखर्ची रोकने और दोषी व्यक्तियों को दण्डित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

स्टेट बैंक आफ इन्दौर की देवास स्थित शाखाओं द्वारा दिया गया ऋण

3720. **श्री राम नरेश यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर की देवास स्थित शाखाओं ने देवास टेक्सटाइल्स को आठ लाख रुपए की गारंटी पर एक करोड़ रुपए से अधिक का ऋण दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद): (क) और (ख) बैंकों में प्रचलित प्रथाओं और रीतिरिवाजों के अनुसार तथा सरकारी क्षेत्र के बैंकों को नियंत्रित करने वाली संविधियों के प्रावधानों के अनुसरण में बैंक व्यक्तिगत संघटकों के संबंध में सूचना को प्रकट नहीं कर सकते ।

Excise duty evasion by Super Bazar

3721. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Directorate of Central Excise, New Delhi has unearthed excise-duty evasion of several lakhs of rupees by Super Bazar in New Delhi; and

(b) if so, what are the details of such evasion detected during the last five years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) No case of evasion of Central Excise duty has been unearthed by the Central Excise Department against Super Bazar in New Delhi.

(b) Does not arise, in view of (a) above.

Applicability of Industrial Disputes Act to Bank Employees

3722. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the Industrial Disputes Act is applicable to the bank employees;

(b) whether dejure agreement supersedes the provision of Industrial Disputes Act;

(c) whether the unions in the banks are debarred from negotiations in the dejure agreement when the same is signed with specific union; and